C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:58 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 83 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 17 सितम्बर 2026

रश्मिका निभाएंगी लीड रोल...पेज-3 पर

## नैनीताल में आठ दिवसीय श्री मां नंदा महोत्सव का हुआ भव्य आगाज

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में बुधवार से नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के तत्वावधान में आयोजित 124वें श्री मां नंदा देवी महोत्सव का शुभारंभ नैनीताल-ऊधमसिंह नगर के सांसद एवं पूर्व रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने किया। इस मौके पर अजय भट्ट ने कहा कि संस्कृति हमारा आधार होती है वह जीवन को आनंदित करती है । उन्होंने नंदा देवी से प्रार्थना की कि सभी सुखी रहे सभी समृद्ध रहे सभी स्वस्थ रहे । विधायक सरिता आर्य ने कहा कि नंदा देवी देवभूमि




उत्तराखंड के कण कण में समाये हुए है जो प्रकृति के साथ हमें हिमालय विशालता तथा ऊर्जा देने का कार्य करती है । इस मौके पर राम सेवक सभा के बाल कलाकारों ने गणेश वंदना एवं श्री नंदा स्तुति प्रस्तुत की। उद्घाटन सत्र में मेलाधिकारी ने कहा कि सभी को साफ सफाई का ध्यान रखे तथा आभूषणों का विशेष ध्यान रखे ।

इससे पूर्व सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने सभा परिवार की ओर से सभी का स्वागत किया तथा पंडित भगवती प्रसाद जोशी ने मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलन अतिथियों से कराया तथा पूजा अर्चना संपन्न की । प्रकृति प्रेमी यशपाल रावत द्वारा प्रदत्त 21 पौधों की पूजा अतिथियों द्वारा की गई तथा परंपरानुसार लाल एवं सफेद ध्वज अतिथियों ने कदली दल को प्रदान किए जो मंगोली गांव के लिए रवाना हुए । इस दौरान सभी अतिथियों को मां नंदा सुनंदा का चित्र भेंट किया गया । उद्घाटन से पूर्व गोलघर से छोलिया मित्र के साथ सभी अतिथियों को चुन्नी तथा टोपी पहनाकर स्वागत हुआ तथा मधुर धुन के साथ सभा भवन पहुंचे तथा सभा भवन में तिलक लगाकर उनका भव्य आगमन हुआ। संचालन हेमंत बिष्ट, मीनाक्षी कीर्ति,नवीन पांडे व प्रो.ललित तिवारी ने किया ।

इस दौरान दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा व दिनेश आर्य,सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत समेत मनोज जोशी, हेम चंद्र आर्य सहित अपर पुलिस अधीक्षक आर. डी. मठपाल, सीओ अंजना नेगी,सभा के अध्यक्ष मनोज साह समेत घनश्याम लाल साह , देवेंद्र लाल साह,अशोक साह ,राजेंद्र बिष्ट , बिमल चौधरी,बिमल साह, डा.मोहित सनवाल, भुवन बिष्ट, रेशमा टंडन, सुनीता वर्मा, राजेंद्र लाल साह, घनश्याम जोशी, हीरा रावत, आनंद बिष्ट, एडवोकेट मनोज साह, प्रदीप जेठी, पुष्पा बवाड़ी, ,जीवंती भट्ट ,सभासद जीनू पांडे,अंकित चंद्रा,भागवत रावत,ललित साह,तेज सिंह ,गीता साह,अमिता साह,मोहित लाल साह,भीम सिंह कार्की, व दिनेश भट्ट आदि उपस्थित रहे।

...दीप प्रज्वलन.... पेज 2 पर

**News कॉर्नर**

### मिनिस्टीरियल कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**अल्मोड़ा।** उत्तरांचल मिनिस्टीरियल फेडरेशन के आह्वान पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर विभिन्न लंबित समस्याओं और मांगों के लिए कर्मचारियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्मिकों ने बांह पर में काला फीता बांधकर गेट मीटिंग की और सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग दोहराई। संगठन के पदाधिकारियों ने शासन और विभागीय अधिकारियों से कार्मिकों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने की अपील की। इस दौरान संगठन ने कनिष्ठ सहायकों का ग्रेड वेतन 2800 रुपये करने तथा मिनिस्टीरियल संवर्ग के पदों का पुनर्गठन कर कार्यभार के अनुरूप पर्याप्त पद सृजित करने, कॉमन सेवा नियमावली प्रख्यापित करने, कार्मिकों को गोल्डन कार्ड की सुविधा और उपचार संबंधी देयकों का समयबद्ध लाभ देने आदि की मांग उठाई। इस दौरान जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित भट्ट, कुमाऊं मंडल महामंत्री पंकज जोशी, जिला मंत्री महेंद्र गुसाई और मंडल अध्यक्ष मोहित कनवाल ने सभा को संबोधित किया। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही न्यायोचित मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को तेज किया जाएगा।

52 देशों की 600 से ज्यादा कंपनियां ले रहीं हिस्सा

## सेमीकॉन इंडिया 2026 का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

**नई दिल्ली**

एजेंसी

भारत के सेमीकंडक्टर मिशन को नई रफ्तार देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया 2026 के पांचवें संस्करण का उद्घाटन किया। तीन दिवसीय इस आयोजन में 52 देशों की 600 से ज्यादा कंपनियां, निवेशक और विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं।

भारत के सेमीकंडक्टर मिशन को आगे बढ़ाने वाले बड़े आयोजनों में से एक सेमीकॉन इंडिया 2026 का आगाज हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के यशोभूमि में इसके पांचवें संस्करण का उद्घाटन किया। तीन दिन चलने वाले इस आयोजन में दुनिया भर की सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री एक मंच पर जुटी है। इस दौरान पीएम मोदी ने यशोभूमि में युवाओं से भारत के सेमीकंडक्टर मिशन पर संवाद किया। इस कार्यक्रम में 52 देशों से 600 से ज्यादा कंपनियां शामिल हो रही है।




पीएम मोदी ने कहा अब भारत के प्लांट से चिप निकल कर दुनिया तक पहुंचना शुरू हुई है। पीएम ने कहा कि इतने कम समय में किसी भी देश के लिए ये करना आसान नहीं है, लेकिन भारत ने यह उपलब्धी हासिल की। सेमीकॉन इंडिया 2026 का आयोजन 17 से 19 सितंबर तक किया जाएगा। इसका विषय %सिलिकॉन टू सिस्टम्सः बिल्डिंग द इकोसिस्टम% रखा गया है। इस सम्मेलन में वैश्विक कंपनियों के साथ नीति निर्माता, निवेशक, शोधकर्ता, स्टार्टअप और शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। आयोजन का मकसद सेमीकंडक्टर उद्योग में सहयोग, निवेश, इनोवेशन और कुशल प्रतिभाओं के विकास को बढ़ावा देना है।

सेमीकॉन इंडिया 2026 की प्रदर्शनी में 52 देशों से 600 से अधिक कंपनियां हिस्सा लेंगी। इनमें करीब 300 विदेशी कंपनियां शामिल हैं। प्रदर्शनी के लिए लगभग 15,000 वर्ग मीटर क्षेत्र तैयार किया गया है।

## अंकिता भंडारी समेत संवेदनशील मामलों की पैरवी कर रहे अधिवक्ता को धमकी, बार काउंसिल सदस्य ने जताया आक्रोश

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड और कोटद्वार के दीपक कुमार प्रकरण समेत विभिन्न जनहित से जुड़े मामलों में पैरवी कर रहे अधिवक्ता नवनीश नेगी को कथित धमकी दिए जाने का मामला सामने आने के बाद अधिवक्ता समाज में आक्रोश है। प्रदेश बार काउंसिल सदस्य राजन सिंह मेहरा ने मामले की कड़ी निंदा करते हुए पुलिस-प्रशासन से धमकी देने वाले व्यक्ति की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी और अधिवक्ता की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

प्रेस को जारी बयान में राजन सिंह मेहरा ने कहा कि एआईएलएजे की ओर से अधिवक्ता नवनीश नेगी को धमकी दिए जाने की कड़ी निंदा की जाती है। उन्होंने कहा कि न्याय के लिए संवेदनशील मामलों में पैरवी करने वाले अधिवक्ताओं को इस तरह धमकाया जाना गंभीर विषय है। अधिवक्ताओं की सुरक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि धमकी देने वाले ने कथित तौर पर अपनी पहचान छिपाते हुए ऐसी विदेशी अथवा आम लोगों के लिए आसानी से समझ में न आने वाली भाषाओं का इस्तेमाल किया। ऐसे में मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को धमकी के स्रोत और आरोपी की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। मेहरा ने कहा कि अधिवक्ता नवनीश नेगी संवेदनशील मामलों में अध्ययन और तथ्यों के आधार पर न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं। अंकिता भंडारी जैसे चर्चित प्रकरण में न्याय के लिए पैरवी कर रहे अधिवक्ता को धमकी मिलना अधिवक्ता समाज के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी अथवा धमकी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकार से वर्षों से लंबित एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की मांग भी दोहराई। उनका कहना था कि सुरक्षा के प्रभावी कानूनी प्रावधान नहीं होने के कारण अधिवक्ताओं को समय-समय पर इस तरह की परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। सरकार को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। राजन सिंह मेहरा ने चेतावनी दी कि यदि धमकी देने वाले की जल्द गिरफ्तारी नहीं होती है तो बार काउंसिल के वरिष्ठ सदस्यों से वार्ता कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि न्याय की लड़ाई लड़ रहे अधिवक्ताओं को धमकाने वालों के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## कांग्रेस नेता की कार रोककर जमकर पीटा, फायरिंग की चर्चा

**रामनगर**

हमारे संवाददाता

रामनगर में युवा कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष की कार को रोककर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने कार को क्षतिग्रस्त किया और गोपाल अधिकारी के साथ मारपीट कर उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया। घटना के दौरान मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों में हड़कंप मच गया।

रामनगर में युवा कांग्रेस पूर्व नगर अध्यक्ष गोपाल सिंह अधिकारी की कार को रोककर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने कार को क्षतिग्रस्त गोपाल अधिकारी के साथ मारपीट कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। इस दौरान आसपास मॉर्निंग वॉक पर गए लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों की भीड़ देख आरोपी फरार हो गए। बताया जा रहा इस दौरान फायरिंग करने की भी चर्चा है। वहीं पुलिस ने पीड़ित को काशीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, रामनगर निवासी गोपाल सिंह अधिकारी अपनी कार संख्या यूके 06 एडब्लू 7879 से ट्रांसपोर्ट नगर स्थित अपने ऑफिस से कोसी बैराज की ओर जा रहा था। इस दौरान कुछ आरोपियों ने इनका पीछा करते हुए कार को रोका। इसके बाद आरोपी ने ईंट से कार का शीशा तो ?ते हुए गोपाल अधिकारी पर पत्थर से हमला कर दिया। इसके बाद आसपास मौजूद लोगों की भीड़ लग रहे। जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

## होमस्टे संचालकों को मिलेगा इको-फ्लावर बैज,पर्यटन विभाग की पहल

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में पर्यटन को प्रकृति के साथ जोड़ने की दिशा में एक नई पहल शुरू होने जा रही है। अब पर्यटकों को ठहरने के ऐसे विकल्प भी मिलेंगे, जिन्हें पर्यावरण-अनुकूल मानकों पर परखा और प्रोत्साहित किया जाएगा।

उत्तराखंड में सतत और पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग ने होम स्टे और बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) संचालकों को ग्रीन मान्यता दिलाने की नई पहल की है। यूनाइटेड नेशन्स डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) के सहयोग से 10 मानकों पर तीन श्रेणी ग्रीन मान्यता परखा जाएगा। सचिव पर्यटन धीराज गर्ब्याल ने बताया कि 17 सितंबर से प्रदेश में सेवा सप्ताह पर




शुरू हो रहा है। पर्यटन विकास परिषद प्रदेशभर के होमस्टे तथा बेड एंड ब्रेकफास्ट संचालकों को विभागीय योजनाओं से जुड़ने और अपनी इकाइयों को पंजीकृत के लिए गो ग्रीन विद उत्तराखंड टूरिज्म एक वैकल्पिक ग्रीन मान्यता कार्यक्रम संचालित करेगा। सेवा सप्ताह के दौरान राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों व पर्यटक आवास गृहों में विशेष स्वच्छता अभियान और योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि होमस्टे और बीएंडबी इकाइयां हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्थानीय आतिथ्य की रीढ़ हैं। सेवा सप्ताह के दौरान अधिक से अधिक होमस्टे को पंजीकृत कर आधिकारिक पहचान दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जो होमस्टे सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन, कचरा प्रबंधन तथा प्लास्टिक मुक्त प्रथाओं का पालन करेंगे, उन्हें विभाग की ओर से इको-फ्लावर बैज व विशेष सरकारी प्रोत्साहन दिया जाएगा।

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि राज्य को हरित व सतत पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने प्रदेश के सभी होमस्टे संचालकों से अपील की कि वे अपनी इकाइयों का अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराएं और ग्रीन मान्यता अपनाकर राज्य के पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# नैनीताल में संकल्प नए उत्तराखंड कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनी महिला जागृति संस्था नैनीताल द्वारा आयोजित एवं द नैनीताल बैंक द्वारा प्रायोजित संकल्प नए उत्तराखंड कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को राज्य अतिथि गृह के सभागार में किया गया। इस विशेष मौके पर देवभूमि उत्तराखंड की लोक संस्कृति विषय पर आधारित स्कूली बच्चों के बीच समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




इससे पूर्व मुखय अतिथि सांसद अजय भट्ट, विशिष्ट अतिथि विधायक सरिता आर्या, दर्जा राज्यमंत्री शांति मेहरा, नैनी महिला जागृति संस्था की अध्यक्ष मंजू रौतेला तथा व्यापार मंडल अध्यक्ष तल्लीताल मारुति नंदन साह ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।इसके पश्चात बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई जिन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। बता दें सीएम पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस के अवसर पर इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुखयमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन तथा प्रदेश की निरंतर प्रगति और जनकल्याण की कामना की गई। सांसद अजय भट्ट तथा विधायक सरिता आर्या व दर्जा राज्य मंत्री भावना मेहरा ने सभी प्रतिभागियों से उत्तराखंड के विकास के संकल्प के साथ आगे बढने का आह्वान किया।निर्णायक श्रीमती कनिका रावत राणा एवं सुप्रीता साह रहीं। समापन सत्र में दर्जा राज्यमंत्री भावना मेहरा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

आयोजक सचिव हरीश राणा ने बताया कि कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रतियोगिता में प्राथमिक श्रेणी में सेंट जॉन्स स्कूल ने प्रथम स्थान, निर्मला स्कूल गेठिया ने द्वितीय स्थान जबकि मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया साथ ही प्राथमिक विद्यालय बड़ा बाजार को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।जूनियर श्रेणी में राष्ट्रीय शहीद सैनिक निशांत ने दूसरा स्थान, रामा मोंटेसरी स्कूल ने प्रथम स्थान एवं मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जूनियर श्रेणी में सरस्वती विद्या मंदिर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।वरिष्ठ श्रेणी में मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर ने प्रथम स्थान, राष्ट्रीय शहीद सैनिक निशांत ने द्वितीय स्थान एवं मोहन लाल साह बालिका इंटर कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ श्रेणी में 5 यूके नेवल एन सी सी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। संचालन नीरज बिष्ट ने किया। कार्यक्रम में जागृति समूह, मां पाषाण देवी महिला समूह, नैनी महिला जागृति समूह एवं नारी शक्ति महिला समूह की महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।इस दौरान जिला उपाध्यक्ष भाजपा दया पोखरिया, आशीष साह, मुकेश रावत, सभासद मीनू बुधलाकोटी, गजाला कमाल, लता दफौटी, मनोज पवार, आनंद बिष्ट, अमिता साह, मयंक पंत, भारत मेहरा, हेमंत बेदी, शुभम कुमार, पवन साह, कमल कार्की, चंदन मेहरा, तन्मय भंडारी, प्रियांशु कुमार, सूरज बिष्ट, तारा राणा, दीपा जोशी, चन्द्रा पंत, रजनी चौधरी, कुसुम सनवाल, जानकी बिष्ट, गीता नैनवाल एवं नैनीताल क्षेत्र के विद्यालयों के शिक्षक छात्र छात्राएं व डीएसबी परिसर के छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

## सीएमओ के निर्देश पर ज्योलीकोट में 133 लोगों का हुआ हैल्थ चैकअप

**नैनीताल** । सीएमओ डॉ. रश्मि पंत के निर्देश पर ज्योलिकोट एवं जलजनित रोगों से प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं लगातार जारी हैं। बुधवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में 133 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार दवाओं का वितरण किया गया।

शिविरों में लोगों को ओआरएस एवं जिंक भी वितरित कर जलजनित रोगों से बचाव एवं उपचार के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट में 61 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिनमें से गंभीर लक्षण वाले 4 मरीजों को आवश्यक उपचार के लिए भर्ती किया गया। जांच के दौरान 48 ब्लड सैंपल लिए गए, जिन्हें आवश्यक जांच के लिए भेजा गया है।स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने के लिए सचल चिकित्सा वाहन द्वारा नैना गांव एवं मनोरा गांव में पहुंचकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाएं वितरित की गईं।



## सीएम के जन्मदिन पर हवन-पूजन कर दीर्घायु की कामना की

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के नेतृत्व में विधायक सरिता आर्या द्वारा मां पाषाण देवी मंदिर में प्रदेश के सीएम पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर बुधवार को विधिवत पूजा अर्चना एवं हवन.पूजन किया गया।

इस पावन अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने भगवान से सीएम के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं मंगलमय जीवन की कामना की, साथ ही उनके नेतृत्व में उत्तराखंड निरंतर विकास, सेवा और जनकल्याण के पथ पर आगे बढ़े तथा प्रदेश की जनता के हित में किए जा रहे कार्यों को और गति मिले इसके लिए विशेष प्रार्थना की।हवन पूजन के माध्यम से विधायक सरिता आर्या ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी को विजय एवं प्रदेश में विकास और जनसेवा के संकल्प को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। मंदिर के पुजारी जगदीश भट्ट ने कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश पूजन से किया,उसके बाद अन्य धार्मिक अनुष्ठान हुए। इस अवसर पर महिला मोर्चा अध्यक्ष अमिता साह, महिला मोर्चा महामंत्री मीरा बिष्ट, नैनीताल नगर मंडल महामंत्री आशीष बजाज, विधानसभा सोशल मीडिया संयोजक भारत सिंह मेहरा, मंडल आईटी संयोजक कमल जोशी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष करण शाह सहित महिला मोर्चा एवं नगर मंडल के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेवा, सुशासन व समर्पण कार्यक्रम में 31 लोगों ने किया रक्तदान

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के विकास खंड भीमताल में सेवा, सुशासन, समर्पण के तहत बुधवार को बहुउद्देशीय शिविर व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

सूबे के कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा की अध्यक्षता में विकास खंड भीमताल के रामलीला मैदान में जन सामान्य हेतु राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किए जाने व क्षेत्रीय जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के मकसद से रक्ततदान व बहुउदेशीय शिविर लगा।

शिविर में बलाक प्रमुख डा.हरीश सिंह बिष्ट, दर्जा मंत्री देवेंद्र ढैला व नवीन वर्मा व भावना मेहरा समेत कई महकमों के 132 अफसरों ने प्रतिभाग किया। खंड विकास अधिकारी के मुताबिक शिविर में कुल 672 लाभार्थियों ने लाभ लिया जबकि स्वास्थ्य परीक्षण किए जाने वाले लाभार्थियों की संखया 162, औषधि वितरण 372 व 31 लोगों ने जनहित में रक्ततदान किया।



## NEWS / फटाफट

### देहरादून से आई टीम ने ज्योलीकोट में लिए पानी के नमूने



नैनीताल।ज्योलीकोट में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पीसीबी द्वारा लिए गये दस नमूनों के फेल होने के बाद बुधवार को उत्तराखंड जल संस्थान के देहरादून से डॉ. विकास कंडारी के साथ आई। टीम ने देर शाम करीब दर्जन भर स्थानों में जल नमूनों में की तात्कालिक कलोरिन जांच की गई जिसमें सभी स्थानों पर कलोरिन की मात्रा तय मानकों के अनुरूप मिले जिससे जल संस्थान नैनीताल के लोगों ने राहत की साँस ली। बता दें उक्त टीम जल नमूनों के गहन परीक्षण के लिए देहरादून ले जाएगी। दूसरी ओर नैनीताल के जल संस्थान के अवर अभियंता रविन्द्र पाठक ने बताया कि पीसीबी द्वारा पानी के नमूनों का एकत्रीकरण बिना किसी विभागीय कर्मचारी की मौजूदगी में लिए गए जिस कारण विभाग इस जांच से संतुष्ट नहीं है। इस टीम में रविन्द्र पाठक, पंकज बिष्ट तथा अनिल जोशी आदि सम्मिलित थे।

### प्रकृति प्रेमी गुरूरानी ने पिता की याद में किया पौधरोपण

**नैनीताल** । उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान बुधवार को 793वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 793वें दिन डीडीहाट स्थित अपने आवास परिसर में अपने स्वर्गीय पिता तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया।दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

### पुलिस ने 40 भिक्षुकों को भेजा शहर से बाहर

**नैनीताल** । नैनीताल में नंदा महोत्सव से पहले मल्लीताल क्षेत्र में घूमकर मांगने वाले भिक्षुकों को पुलिस व पालिका ने उनके घर खदेड़ना शुरू कर दिया है। बुधवार की सुबह सवेरे पालिका के वाहन में पुलिस व पालिका की टीम ने 40 से ज्यादा भिक्षुकों को उनके घर खदेड़ दिया। कोतवाल राजेंद्र रावत ने बताया कि क्षेत्र में घूम रहे भिक्षुकों को शहर से वापस उनके क्षेत्र को भेजा जा रहा है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## मां नंदा देवी महोत्सव : मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के तत्वावधान में आयोजित 124वें श्री मां नंदा देवी महोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर राम सेवक सभा के बाल कलाकारों ने गणेश वंदना एवं श्री नंदा स्तुति प्रस्तुत की। नंदा देवी महोत्सव के दौरान खाद्य सामग्री की दुकानों में साफ. सफाई और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देश दिए हैं। मेला क्षेत्र में लगने वाली खाद्य सामग्री की दुकानों और स्टॉलों का निरीक्षण किया जाएगा। गंदगी या खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि मेले के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। गंदगी मिलने या खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दुकानदारों से खाद्य सामग्री को ढककर रखनेए स्वच्छ पानी का इस्तेमाल करने और दुकानों में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।




### 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की नजर में रहेगा मेला क्षेत्र

मां नंदा देवी महोत्सव को लेकर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। मेला क्षेत्र में होने वाली हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए पुलिस की ओर से 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों की निगरानी मेला कंट्रोल रूम से की जा रही है। इसके अलावा ड्रोन के माध्यम से भी पूरे मेला परिसर पर नजर रखी जा रही है। सीओ अंजना नेगी ने बताया कि मेला क्षेत्र में 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इनके माध्यम से पूरे क्षेत्र की निगरानी की जा रही है।





# अभिमत

## आस्था और न्याय

*वकीलों द्वारा दोषियों की समय पूर्व रिहाई सुनिश्चित करने की याचिकाओं में बार-बार झूठे और गलत बयान देने पर उच्चतम न्यायालय ने कहा कि जब इस तरह के मामले सामने आते हैं तो विश्वास को ठेस पहुंचती है। शीर्ष अदालत में दर्जनों मामले ऐसे आये, जिसमें वकीलों द्वारा गलत बयान दिये गये। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि निचली से लेकर शीर्ष अदालत तक प्रतिदिन लाखों मामलों में कितना झूठ बोला जाता है। न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि 'हमारा सिस्टम आस्था पर चलता है, जब हम मामलों की सुनवाई करते हैं तो हम बार सदस्यों यानि वकीलों पर भरोसा करते हैं, लेकिन जब हमारे सामने ऐसे मामले आते हैं, तो हमारा विश्वास हिल जाता है।'*

सुप्रीम कोर्ट ने कई बार शासन व्यवस्था पर सवाल उठाये हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने वकीलों द्वारा पेश की जाने वाली दलीलों पर ऐसी कठोर टिप्पणी कर दी कि आरोपी को निर्दोष साबित करने से पहले आत्मावलोकन करना होगा। वकीलों द्वारा दोषियों की समय पूर्व रिहाई सुनिश्चित करने की याचिकाओं में बार-बार झूठे और गलत बयान देने पर उच्चतम न्यायालय ने कहा कि जब इस तरह के मामले सामने आते हैं तो विश्वास को ठेस पहुंचती है। पिछले कुछ दिनों में शीर्ष अदालत में दर्जनों मामले ऐसे आये, जिसमें वकीलों द्वारा गलत बयान दिये गये। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि निचली से लेकर शीर्ष अदालत तक प्रतिदिन लाखों मामलों में कितना झूठ बोला जाता है। न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि 'हमारा सिस्टम आस्था पर चलता है, जब हम मामलों की सुनवाई करते हैं तो हम बार सदस्यों यानि वकीलों पर भरोसा करते हैं, लेकिन जब हमारे सामने ऐसे मामले आते हैं, तो हमारा विश्वास हिल जाता है।' दरअसल वकालत का पेशा ऐसा है कि एक वकील पीड़ित को न्याय और अपराधी को सजा दिलाने की कोशिश करता है, वहीं दूसरा वकील अपराधी को बचाने के लिए दलील पेश करता है। न्याय प्रणाली में अपराधी को भी निर्दोष साबित करने का पूरा मौका दिया जाता है, इसका सबसे बड़ा उदाहरण मुम्बई पर आतंकी हमले के दौरान जिंदा पकड़े गये आतंकी कसाब का मामला है। दर्जनों लोगों की हत्या करने वाले कसाब को जेल में रखकर मुकदमा चलाया गया। आतंकी कसाब के बयान दर्ज किये गये। इस मामले की आलोचना करने वालों ने कहा कि आतंकी कसाब को हत्या करते कैमरे में कैद किया गया था, उसे तत्काल फांसी देनी चाहिए थी। महीनों तक जेल में रखकर उसकी सुरक्षा और मुकदमे पर लाखों रुपये क्यों खर्च किये गये? अंततः कसाब को फांसी दी गई। कुछ मामलों में वकीलों ने आरोपी की पैरवी से इन्कार किया, लेकिन बाद में वकील उपलब्ध कराये गये। न्यायालय परिसर में हत्या करने वाले को भी तत्काल सजा नहीं सुनाई जाती है। अदालत में मौजूद अधिवक्ता सब कुछ देखते हैं, फिर भी मुकदमे की औपचारिकता निभाई जाती है। वकीलों को झूठा और गलत कहने वालों को सिस्टम में बदलाव करना पड़ेगा। गरीब, असहाय तथा परिस्थितियों से मजबूर पीड़ित मुकदमा लम्बा खिंचने और वकील की फीस तथा अन्य खर्च बर्दाश्त नहीं कर पाने के कारण न्यायालय का दरवाजा नहीं खटखटाता है। आर्थिक तौर पर मजबूत और दबंग अपराधी मुकदमा जीत जाता है। पुलिस से लेकर अदालत तक न्याय की प्रक्रिया पेचीदा, खर्चीली और लम्बी है, पीड़ित की आस्था डगमगा जाती है।

# मलबे ने रोकी नैनीताल की राह, दोगांव-डोलमार के बीच सड़क पर आया मलबा

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

हल्द्वानी-नैनीताल मार्ग पर अचानक मलबा आने से वाहनों की रफ्तार थम गई और सड़क पर जाम जैसे हालात बन गए। दोगांव और डोलमार के बीच मार्ग बाधित होने की सूचना मिलते ही एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी ने तत्काल मौके का रुख किया और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। उनके निर्देश पर जेसीबी को मौके पर उतारकर सड़क से मलबा हटाने की कार्रवाई शुरू कराई गई।

मलबे के कारण मार्ग पर वाहनों का आवागमन प्रभावित होने की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन सक्रिय हो गया। एसएसपी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और पुलिस कंट्रोल रूम को यातायात सुचारू कराने के लिए तत्काल आवश्यक निर्देश दिए। एसएसपी के निर्देश के बाद जेसीबी को तत्काल मौके पर भेजा गया। पुलिस टीम ने यातायात को व्यवस्थित करते हुए मलबा हटाने की कार्रवाई कराई। रास्ता साफ होने के बाद फंसे वाहनों और यात्रियों को आगे रवाना किया गया। मलबा हटने और यातायात व्यवस्था सामान्य होने के बाद हल्द्वानी से नैनीताल और नैनीताल से हल्द्वानी की ओर जाने वाले वाहनों की आवाजाही सुचारू हो गई। पुलिस टीम मौके पर व्यवस्था संभालती रही, जिससे यात्रियों को राहत मिली।

## `सीबी उतरी तो खुला यातायात; मौके पर पहुंचे मंजूनाथ टीसी



## गुरुजनों के ट्रांसफर का मामला अब 26 अक्टूबर को सुनवाई

नैनीताल। हाईकोर्ट ने प्रदेश में शिक्षकों के सुगम और दुर्गम क्षेत्रों में स्थानांतरण से जुड़ी व्यवस्था पर कड़ा रुख अपनाते हुए माध्यमिक शिक्षा निदेशक से जवाब तलब किया है। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने जीवन सिंह की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिए। कोर्ट ने स्पष्ट रूप से पूछा है कि दुर्गम क्षेत्रों से सुगम क्षेत्रों में बड़ी संख्या में शिक्षकों के तबादले के बाद दुर्गम इलाकों की शिक्षण व्यवस्था और शिक्षा के स्तर को कैसे बनाए रखा जाएगा तथा इस समस्या के समाधान के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं।

**सूचना**

फर्म मै0 सी. एम. डी. माइन्स एण्ड मिनरल्स पता-बलूटिया बिल्डिंग बद्रीपुरा, हल्द्वानी, नैनीताल है जिसका रजिस्ट्रेशन नं0 UKFIRM0660226010302 जो कि दिनांक 05.07.2013 को रजिस्टर कराई गई की जिसमें तीन पार्टनर हैं, उसमें से धीरेन्द्रकुमार श्रीराम मेहरा को दिनांक 03.06.2025 से पार्टनरशिप फर्म से अलग कर दिया गया है।

– पार्टनर चेतन बलुटिया

# रात की गश्त में खुला नशे का खेल, 12 इंजेक्शन के साथ तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी। रात के अंधेरे में यात्री प्रतीक्षालय में बैठकर कथित तौर पर नशे के इंजेक्शन का खेल चल रहा था। पुलिस की गश्त के दौरान शक के आधार पर युवक को रोका गया तो उसके हाथ में पकड़ी पन्नी ने पूरा राज खोल दिया। तलाशी में इंजेक्शन बरामद होने पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक रात में शांति व्यवस्था और संदिग्ध वाहनों-व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान टीम चोरगलिया रोड रेलवे फाटक, गौलापुल चौक पोस्ट और इंदिरानगर कट होते हुए गोला पार्किंग के पास पहुंची। यात्री प्रतीक्षालय के सामने एक युवक संदिग्ध हालत में बैठा दिखाई दिया। पुलिस टीम ने वाहन रोककर युवक को घेरा तो उसके दाहिने हाथ में प्लास्टिक की पन्नी मिली। पूछताछ में युवक ने अपना नाम सलमान बताया। पन्नी के बारे में पूछने पर उसने उसमें इंजेक्शन होने की बात कही। इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ में सलमान ने कथित तौर पर खुद इंजेक्शन लगाने और कुछ इंजेक्शन बेचने की बात कही। इंजेक्शन कहां से लाता है, इस पर उसने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा इंजेक्शन उपलब्ध कराने की जानकारी दी। पुलिस अब इंजेक्शनों की सप्लाई करने वाले कथित स्रोत की जानकारी जुटाने में लगी है।

# शेरवुड कॉलेज बना ओवर ऑल चैंपियनशिप

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



भुवन चन्द्र साह स्मृति अन्तरविद्यालयी टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शेरवुड कालेज ओवरऑल चैंपियन बना। सीआरएसटी इंटर कालेज में आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि न्यायाधीश आलोक मेहरा ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। न्यायाधीश आलोक मेहरा ने इस मौके पर कहा कि बच्चों में मोबाईल देखने की बढ़ती प्रवृती को रोकने के लिये खेल एक सशक्त माध्यम है, जो कि स्वास्थ्य के लिये उत्तम है।

प्रतियोगिता में बालक जूनियर का फाईनल तेजस सेन्ट जोजफ कालेज, नैनीताल एवं शौर्य अरोरा सैन्ट जोजफ कालेज, नैनीताल के बीच हुआ, जिसमें तेजस सेन्ट जोजफ कालेज, नैनीताल विजयी रहे। बालक सीनियर वर्ग में श्रृदांश गंगवार शेरवुड कालेज, नैनीताल, एवं माधव शेरवुड कालेज, नैनीताल के बीच हुआ, जिसमें श्रृदांश गंगवार शेरवुड कालेज, नैनीताल, विजयी रहे। बालिका डबल्स वर्ग में आध्या सिंह शेरवुड कालेज, नैनीताल, श्रृष्टी डॉगी शेरवुड कालेज, नैनीताल, रोनिका गोयल शेरवुड कालेज, नैनीताल, हिमाक्षी मान शेरवुड कालेज, नैनीताल, जिसमें आध्या सिंह शेरवुड कालेज, नैनीताल, श्रृष्टी डॉगी शेरवुड कालेज, नैनीताल, नैनीताल विजयी रहे। बालक डबल्स में माधव शेरवुड कालेज, नैनीताल, श्रृदांश गंगवान शेरवुड कालेज, नैनीताल, सन्दर्भ सेन्ट जोजफ कालेज, नैनीताल, सिद्धार्थ सेन्ट जोजफ कालेज, नैनीताल, जिसमें माधव शेरवुड कालेज, नैनीताल, श्रृदांश गंगवान शेरवुड कालेज, नैनीताल, विजयी रहे। बालिका वर्ग में आध्या सिंह शेरवुड कालेज, नैनीताल, एवं मान्या रौतेला शेरवुड कालेज, नैनीताल, के मध्य खेला गया जिसमें विजेता आध्या सिंह शेरवुड कालेज, नैनीताल, रही। ओवर ऑल प्रतियोगिता के विजयी शेरवुड कालेज, नैनीताल, रहेमैच में निर्णायक की भूमिका प्रतियोगिता के निर्णायक शैलेश साह चंन्दन बिष्ट, गौतम साह, कमलेश तिवारी, संजय साह रहे। प्रायोजक शैलेन्द्र साह, हिमानी साह, नागेन्द्र साह एवं उनके परिवार के सभी सदस्य गणों ने इसी प्रकार अपना योगदान देने की बात कही। इस अवसर पर पदमश्री अनूप साह, आलोक साह, अक्षोभ सिंह गीता साह, विनय साह, जे0के0शर्मा, बिशन सिंह मेहता, शिवांगी साह , शैलेन्द्र चौधरी, एडवोकेट डी. सी. एस रावत , दिग्विजय साह, मिथिलेश पांडे, योगेश साह, दीपा बिष्ट, आलोक साह, अनुराग बिष्ट, केदार सिंह गड़िया, संदीप बिष्ट, मनोज बिष्ट गुड्डू, रितेश साह, गणेश दत्त लाहनी, राकेश भट्ट, ललिता सिंह जीना, प्रमोद पाण्डे, अमित पवार, आशा रौतेला आदि उपस्थित रहे। आयोजक शैलेंद्र चौधरी ने प्रतियोगिता को और अधिक भव्य रूप देने की बात कही। अंत मे शैलेंद्र साह ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन डा0 सोबन सिंह बिष्ट एवं अनुपम उपाध्याय द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य मनोज पांडे ने अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# फिल्मी दुनिया

## महान गायिका पर फिल्म का ऐलान, रश्मिका निभाएंगी लीड रोल





*कल बुधवार को बंगलूरू में महान कर्नाटक शास्त्रीय गायिका एमएस सुब्बुलक्ष्मी की 110वीं जयंती के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यहां कमल हासन ने गायिका की बायोपिक का आधिकारिक ऐलान किया, जिसमें रश्मिका मंदाना लीड भूमिका अदा करेंगी। शास्त्रीय गायिका एमएस सुब्बुलक्ष्मी के जीवन पर फिल्म बनेगी। रश्मिका मंदाना इसमें महान गायिका के किरदार में नजर आएंगी। उन्होंने बीते दिनों अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए इसकी जानकारी साझा की थी। कल 16 सितंबर को एमएस सुब्बुलक्ष्मी की 110वीं जयंती के मौके पर कमल हासन ने इस फिल्म का आधिकारिक एलान किया। उन्होंने बंगलूरू में आयोजित इवेंट में फिल्म की घोषणा की। एमएस अम्मा की बायोपिक का टाइटल एमएस - ए लेगेसी ऑन स्क्रीन है। इसमें रश्मिका मंदाना सुब्बुलक्ष्मी का किरदार निभाने वाली हैं। सुपरस्टार कमल हासन ने इस फिल्म को लॉन्च किया। इवेंट में दिग्गज अभिनेता ने महान गायिका के किरदार को निभाने के दबाव की तुलना माइकल जैक्सन का किरदार निभाने से की। कमल हासन का कहना है कि इस रोल को निभाने में वैसा ही दबाव महसूस होता है, जैसा माइकल जैक्सन जैसे ग्लोबल आइकॉन का किरदार निभाते समय किसी एक्टर को होता। बता दें कि एमएस सुब्बुलक्ष्मी की 110वीं जयंती पर आधिकारिक तौर लॉन्च हुई इस फिल्म के टाइटल और फर्स्ट लुक से भी मेकर्स ने पर्दा उठाया।*

### दिया पहला क्लैप

*इस लॉन्च इवेंट में कमल हासन ने पहला क्लैप दिया। कार्यक्रम में रश्मिका और कमल हासन के साथ अनुभवी प्रोड्यूसर मणिरत्नम भी शामिल हुए। इवेंट में रश्मिका ने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए आभार जताया। वहीं, कमल हासन ने एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी की म्यूजिकल विरासत और उन्हें पर्दे पर पेश करने चुनौती के बारे में बात की। कमल हासन ने एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी की विरासत और संगीत में उनके योगदान के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि अलग-अलग भाषाओं में गाए गए उनके गानों ने लोगों को एक साथ लाने में मदद की।*

# पति की कथित धमकियों से सहमी पत्नी, लात-घूंसों से पीटने का आरोप

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

एक तरफ घर का खर्च, दूसरी तरफ कथित मारपीट और धमकियांः इंद्रानगर की महिला ने पति पर ऐसे गंभीर आरोप लगाए हैं, जिन्होंने घरेलू विवाद को सनसनीखेज मोड़ दे दिया है। महिला की तहरीर के मुताबिक पति उसे घर चलाने के लिए कथित तौर पर महज 200 रुपये रोज देता है और विरोध करने या शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देता है।

महिला का आरोप है कि 13 नवंबर 2025 की रात पति कमरे में आया और गाली-गलौज करते हुए शिकायत करने को लेकर भड़क गया। आरोप है कि इसके बाद उसने लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। जान बचाने के लिए महिला घर से बाहर भागी, लेकिन पति कथित तौर पर पीछे पहुंच गया। पड़ोसियों ने किसी तरह बीच-बचाव कर उसे बचाया।

तहरीर में महिला ने आरोप लगाया कि पड़ोसियों के हस्तक्षेप के बाद पति ने घर का दरवाजा बंद कर लिया और कथित तौर पर धमकी दी कि दोबारा घर आई तो जान से मार देगा। महिला ने बताया कि इस घटना के बाद वह भयभीत है और उसे अपनी सुरक्षा को लेकर आशंका बनी हुई है।

महिला ने पति पर उसके मोबाइल को ट्रैक करने और उसकी गतिविधियों पर नजर रखने का आरोप लगाया है। साथ ही चोरी के झूठे आरोप लगाने, गाली-गलौज करने और मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना देने का भी दावा किया है। महिला के मुताबिक उसका विवाह 2021 में कफील अहमद से हुआ था और उनका चार वर्षीय बेटा अहमद रजा है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि पति ने बच्चे को भी अपने पास रख लिया है। महिला ने अधिकारियों से पति के खिलाफ कार्रवाई और बेटे को उसकी अभिरक्षा में दिलाने की मांग की है। महिला ने पति पर लगातार धमकियां देने का आरोप लगाते हुए भविष्य में गंभीर घटना की आशंका जताई है। तहरीर में लगाए गए आरोपों की सच्चाई पुलिस जांच और साक्ष्यों के आधार पर सामने आएगी।

# प्रभु गणेश की महिमा का गुणगान व सांस्कृतिक कार्यक्रम का अयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



वैश्य महासभा द्वारा आयोजित श्री गणेश महोत्सव 2026 का तृतीय दिवस भक्ति, उल्लास और संस्कृति के अनूठे रंगों में सराबोर रहा। सुबह की शुरुआत मंगल मूर्ति गणपति के षोडशोपचार पूजन से हुई जिसे पंडित विवेक शर्मा ने पूरे विधि-विधान से सम्पन्न करवाया।पूजन के मुख्य यजमान उमेश गुप्ता भोला सपत्नीक रहे। बद्री प्रसाद गुप्ता, रामकिशोर, रामबाबू जायसवाल, मुकेश लहरिया, किशनलाल गुप्ता, अंश गुप्ता, सौरभ गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता, हीरालाल साहू, बसंत अग्रवाल, निशुल अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल आदि ने प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। सायं के सत्र में पंडित गोपाल दत्त त्रिपाठी ने नई पीढ़ी अपनी संस्कृति से जुड़े इस तरह गणपति महिमा पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, महामंत्री दिनेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, महिला अध्यक्ष श्रीमती राशि जैन, रश्मि गुप्ता, ज्योति देवल आदि ने हाई स्कूल,इंटर के मेधावी छात्र छात्राओं को मंच पर सम्मानित किया।देशभक्ति पर प्रश्नोत्तरी एवं विभिन्न संस्थानों द्वारा सांस्कृतिक - रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सिग्नेचर डांस स्टूडियो द्वारा गणेश तांडव सभी के द्वारा पसंद किया गया।रिदम डांस क्लासेज के वृंदावन रास ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। राधाकृष्ण संगीत संस्थान की प्रस्तुति भी शानदार रही।स्वरा रिदम डांस एवं फिटनेस स्टूडियो की महिषासुर संहार भी सराहनीय रहा।कलांजना म्यूजिक डांस एकेडमी , राधिका डांस एकेडमी,नमामि नृत्य कला केंद्र, कुंती कला केंद्र एवं नेहा कांडपाल की प्रस्तुतियां भी मनमोहक रहीं। सारी प्रस्तुतियों ने पूरे पंडाल को भक्ति के रंग में रंग दिया।सभी ने जय-जयकार कर जोरदार करतल ध्वनि से बच्चों का उत्साह वर्धन किया। सुशील अग्रवाल,नीरज प्रभात गर्ग, भोलानाथ केसरवानी, सुधीर जैन, राजेन्द्र गुप्ता, तनुज गुप्ता, भगवान सहाय अग्रवाल, असीम सिंहल, राजकुमार अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, मनोज अग्रवाल ,लव मित्तल, यश गुप्ता, सलिल गोयल, स्नेहलता गुप्ता ,देवेश अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, वैशाली अग्रवाल,तपन अग्रवाल, ऋषभ बंसल,कनव अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, एकता अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। महाआरती में अग्रवाल सभा, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल, रामलीला कमेटी,आर्य समाज के पदाधिकारियों , विधायक डॉ मोहन बिष्ट, तहसीलदार कुलदीप पांडे ने सहभागिता कर गणेश जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रसाद की सेवा डाज पंकज गुप्ता, डा. गौरव सिंघल, डा. स्वाती सिंघल, डा. भारत भूषण गर्ग द्वारा की गई। मंच का संचालन सुरेश केसरवानी ने किया। चित्र कला संयोजक अशोक वार्ष्णेय ने बताया कल 17 सितंबर को चित्रकला प्रतियोगिता 3 वर्गों में सायं 3 से बजे करवाई जाएगी। 18 सितंबर को विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

## News कॉर्नर

### पीएम मोदी जन्मदिन पर चारों धामों में प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर विशेष पूजा-अर्चना



देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उत्तराखंड के चारों धामों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ धाम में पूजा और आरती कर प्रधानमंत्री के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की गई। तीर्थ पुरोहितों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन के लिए मां गंगा से प्रार्थना की। इसी तरह यमुनोत्री धाम, केदारनाथ धाम और बदरीनाथ धाम में भी विशेष पूजा-अर्चना और आरती की गई। चारों धामों में प्रधानमंत्री के स्वस्थ, दीर्घायु और सुखमय जीवन की कामना की गई। जन्मदिन के अवसर पर धामों में धार्मिक अनुष्ठान और पूजा के माध्यम से प्रधानमंत्री के लिए मंगलकामना की गई।

# खुलासा: गले के निशान ने खोला मौत का राज जवाहर नगर में हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



जवाहर नगर में अमन ठाकुर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का रहस्य आखिरकार हत्या के मुकदमे और आरोपी की गिरफ्तारी तक पहुंच गया। गले पर मिले यू-आकार के निशान ने पुलिस की जांच की दिशा बदल दी और मौत के पीछे छिपी कहानी की परतें खुलने लगीं।

बनभूलपुरा थाना पुलिस ने मामले में आरोपी निक्की उर्फ नादा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी से पूछताछ में घटना से जुड़े कई अहम तथ्य सामने आए हैं। उसे न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है। जवाहर नगर में अमन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना मिलते ही बनभूलपुरा पुलिस मौके पर पहुंची थी। घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान मृतक के गले पर यू-आकार का निशान मिला। यह निशान पुलिस के लिए अहम सुराग बना और सामान्य मौत की आशंका के बजाय घटना को संदिग्ध मानकर जांच शुरू की गई। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस जांच और एफआईआर में सामने आए तथ्यों के अनुसार निक्की उर्फ नादा को अपनी पत्नी कशिश और अमन के बीच संबंध होने का शक था। इसी शक को लेकर दोनों के बीच विवाद होने की बात सामने आई है। परिजनों ने आरोप लगाया कि इसी विवाद के चलते आरोपी अमन से रंजिश रखता था। जांच में यह बात भी सामने आई कि घटना से एक दिन पहले अमन को कथित तौर पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। इसके अगले ही दिन अमन की घर के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। धमकी, आपसी विवाद और गले पर मिले निशान ने पुलिस के शक को गहरा कर दिया। थाना प्रभारी दिनेश सिंह फर्त्याल के अनुसार निक्की उर्फ नादा से घटना को लेकर गहन पूछताछ की गई है। पूछताछ में कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं, जिनके आधार पर पुलिस घटना की कड़ियां जोड़ रही है। पुलिस का कहना है कि विवेचना में सामने आने वाले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आयोजन: नैनीताल में स्कूली बच्चों को बांटे गए जैकेट

नैनीताल

हमारे संवाददाता



हिल ट्रैक सोसाइटी फ ॉर एजुकेशन एनवायरनमेंट एंड एनर्जी के तत्वावधान में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की जिला उपाध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी कविता गंगोला द्वारा राजकीय बालक उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को जैकेट प्रदान की गई।

इस मौके पर कविता गंगोला द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए भविष्य में उनकी आवश्यकतानुसार हर जरूरत पूर्ण किए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बच्चों का आह्वान किया कि वह पढ़ाई के साथ ही रचनात्मक कार्यक्रमों में प्राथमिकता से भागीदारी करें। उनके द्वारा अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव बच्चों के साथ साझा किये गए और बच्चों से प्रतिदिन स्कूल में उपस्थित रहने को कहा गया। उन्होंने बाल दिवस के अवसर पर सभी बच्चों को गेठिया स्थित अपने रिसोर्ट मे लंच कराने की घोषणा की। उन्होने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हिलट्रैक सोसाइटी की ओर से अहम कार्य किये जा रहे हैं उनके द्वारा कहा गया कि वह हिलट्रैक सोसाइटी के साथ मिलकर इसी प्रकार समाज सेवा करती रहेंगी।

विद्यालय की प्रधानाचार्या सुशीला टमटा द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर हिलट्रैक समिति की संस्थापक सदस्य अदविका, अमित सनवाल, सुनील मिश्रा, भुवन फुलारा, सरिता त्रिपाठी, मंजू पांडे, ज्योति तिवारी तथा आलोक जोशी आदि उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद ने 150 बच्चों का कराया स्वास्थ्य एवं दंत परीक्षण

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के अवसर पर भारत विकास परिषद की भगत सिंह शाखा की ओर से जेल रोड चौराहा, कालाढूंगी रोड स्थित राजकीय प्राइमरी विद्यालय में स्वास्थ्य एवं दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 150 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य एवं दंत परीक्षण किया गया तथा उन्हें स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

शिविर में डॉ. श्रेया मेहता ने बच्चों के दांतों की जांच कर उन्हें दांतों की नियमित सफाई, सही खान-पान और दांतों से होने वाली विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। साथ ही बच्चों के सामान्य स्वास्थ्य की भी जांच की गई। भारत विकास परिषद भगत सिंह शाखा की ओर से बच्चों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए उन्हें डेंटल किट के साथ साबुन तथा स्वच्छता एवं व्यकिगत देखभाल में उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्री की किट वितरित की गई। परिषद के सदस्यों ने बच्चों को स्वच्छता अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित किया।

परिषद पदाधिकारियों ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच के साथ उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक करना भी जरूरी है। इस तरह के शिविर बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी आदतों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में भारत विकास परिषद भगत सिंह शाखा से एकता अग्रवाल, वैशाली अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, समर्थ अग्रवाल, आयुष जैन, अंकित अग्रवाल, शैलेंद्र दानू सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य तथा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहयोग प्रदान किया।



# मॉल रोड पर फिर पार्क होने लगे टैक्सी वाहन

नैनीताल । नैनीताल की व्यस्त मॉलरोड पर एक बार फिर नो पार्किंग जोन में टैक्सी वाहनों के पार्क होने का सिलसिला शुरू हो गया है। सड़क किनारे टैक्सियां पार्क होने से यातायात व्यवस्था प्रभावित होने के साथ ही जाम की स्थिति भी बन रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की ढील के चलते टैक्सी चालक मनमानी कर रहे हैं।

# कुविवि में आपदा प्रबंधन पर 7 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन,टीचर ट्रेनिंग सेंटर द्वारा विश्वविद्यालय के शिक्षकों के लिए आयोजित सात दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपदा जोखिम न्यूनीकरण, संस्थागत तैयारी, भौगोलिक सूचना प्रणाली, जलवायु परिवर्तन, अग्नि सुरक्षा, खोज एवं बचावए प्राथमिक उपचारए बेसिक लाइफ सपोर्ट तथा आपदा के बाद पुनर्बहाली सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए गए।समापन सत्र के मुखय अतिथि एनसीसी ग्रुप नैनीताल के ग्रुप कमांडर कमोडोर रिची रंजन ने मानवीय सहायता एवं आपदा राहत तथा भारतीय सशस्त्र बलों की भूमिका विषय पर प्रतिभागियों को संबोधित किया।निदेशक प्रो दिव्या यू जोशी ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सैद्धांतिक जानकारी के साथ व्यावहारिक एवं हैंड्स.ऑन प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया जबकि कोर्स कोऑर्डिनेटर प्रो. लेफ्टिनेंट रीतेश साह ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान आपदा जोखिम न्यूनीकरण, खतरा एवं जोखिम आकलन, मानवीय आपदाएं, जीआईएस आधारित आपदा मानचित्रण, आपदा प्रबंधन अधिनियम, संस्थागत तैयारी योजना, जलवायु परिवर्तन एवं उभरते आपदा जोखिम, सेंडाई फ्रेमवर्क तथा आपदा के बाद बेहतर पुनर्निर्माण जैसे विषयों पर भी विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए। इस कार्यक्रम में एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट ट्रेनिंग नवीन सिंह राना, एसडीआरएफ विशेषज्ञों तथा अग्निशमन विभाग के अधिकारी व जवानों ने भी प्रशिक्षण प्रदान किया।

# अन्तर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण कार्यक्रम: जू में हुई प्रतियोगिताएं

नैनीताल

हमारे संवाददाता

निदेशक प्राणी उद्यान, नैनीताल/प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल वन प्रभाग के निर्देशन में बुधवार को प्राणी उद्यान के सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का थीम ग्लोबल एक्शन फार ए कुलर पलेनेट रहा।



इस दौरान आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 3 से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों द्वारा समूह में प्रतिभाग किया गया। विद्यार्थियों द्वारा अपने हाथों और अंगूठे की छाप की मदद से विभिन्न आकृतियां बनायी। कहानी/कथा वाचन प्रतियोगिता में कक्षा 6 से कक्षा 8 के विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कहानी/कथा वाचन में प्रथम स्थान प्रत्युशा जोशी सैन्ट मैरी कॉन्वेन्ट कॉलेज नैनीताल, द्वितीय स्थान आलीमा नफीज मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर नैनीताल, तृतीय स्थान जय सौमया, बिशप शौ इण्टर कॉलेज नैनीताल एवं सांत्वना मनीष भट्ट व शिवांश लोहनी, लौंग व्यू पबलिक स्कूल नैनीताल ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विराट सिंह कनवाल चेतराम साह ठुलघरिया इण्टर कॉलेज, द्वितीय स्थान मैत्रीय जोशी सैन्ट मैरी कॉन्वेन्ट कॉलेज नैनीताल, तृतीय स्थान साक्षी बिष्ट, राधा चिल्ड्रन एकादमी नैनीताल एवं सांत्वना वैदही कपूर ऑल सैन्ट कॉलेज नैनीताल व वरनीता पाण्डे मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर, नैनीताल ने प्राप्त किया। भाषण एवं कहानी/कथा वाचन प्रतियोगिता के निणार्यक मण्डल में डॉ0 नवीन पाण्डे वनस्पति विज्ञान विभाग एवं , डॉ0 संदीप दत्त मंडोली, जन्तु विज्ञान विभाग, डी0एस0बी0 कॉलेज नैनीताल रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के कुल 250 छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुज काण्डपाल, बायोलॉजिस्ट, नैनीताल प्राणी उद्यान द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुश्री स्वाति उप निदेशक प्राणी उद्यान, नीरज कुमार वन आरक्षी, पवन कुमार वन आरक्षी, आनन्द सिंह सिस्टम एनालिस्ट, अनुज पाण्डे, पूरन सिंह एवं प्राणी उद्यान के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।